गतिविधि 11. *अभिभावक नीचे दिए गए चित्रों को बच्चों को दिखाते हुए पूछें कहानी में क्या हो रहा होगा? तथा पढ़ने हेतु प्रेरित करें। उनसे पूछें कि कहानी में आगे क्या हुआ होगा? वो चित्र बनाकर या लिखकर बता सकते हैं।*



गतिविधि 12. *बच्चे अपने मनपसन्द खेल से संबन्धित पाँच शब्द लिखें और बच्चे जिन दोस्तों के साथ खेलते हैं उनका नाम भी लिखें।*

____

____

____

वर्कशीट निर्माणकर्ता –

1- *श्रीमती दीपा गोस्वामी रा०प्रा०वि०नौघरगरुड़ बागेश्वर*

2- *श्री चिंतामणी कांडपाल रा०प्रा०वि०खितोला गरुड़ बागेश्वर*

3- *श्रीमोहन सिंह रा०प्रा०वि० गैरलेखगरुड़ बागेश्वर*

तकनीकी सहयोग

–रूम टू रीड इंडिया ट्रस्ट

कक्षा– 2, वर्क शीट–2 (साप्ताहिक)

पाठ–2 (भालू ने खेली फुटबॉल)

बच्चे का नाम..........................	स्कूल..
अभिभावक का नाम..................	मोबाइल नम्बर..............................

अभिभावकों के लिए– हम आशा करते हैं कि आप या घर का कोई भी सदस्य इस वर्क शीट के कार्य को पूरा करने में बच्चे की मदद करेंगे।

गतिविधि 1. ***अभिभावक के लिए–*** *आप नीचे दिए गए चित्रों पर बच्चों के साथ खूब बातचीत करें। – जैसे इन चित्रों में क्या–क्या दिखाई दे रहा है ये कौन से खेल–खेल रहे है? क्या तुम भी कोई खेल खेलते हो नाम बताओ, आपको सबसे अच्छा खेल कौन–सा लगता है? आप खेल अकेले में खेलते हो या दोस्तों के साथ? आप खेलने के लिए कहाँ जाते हो? हमें खेल क्यों खेलना चाहिए?*

गतिविधि 2. *बच्चे से वर्ण और मात्रा मिलाकर ग्रिड पूरी कराएँ।*

	ि	े
स	सि	से
च		
ज		
भ		

गतिविधि 3. *वर्णों को मिलाकर शब्द बनाएँ, और खाली बॉक्स में लिखें।*

ध + ड़ा + म → ☐

भा + लू → ☐

थ + क + क + र → ☐

गतिविधि 4. अभिभावक बच्चे से नीचे दिए गये शब्दों को पढवाएं बच्चे की मदद करें और शब्दों का अर्थ बताएं।

नजर	लपक	समझ	थककर	जामुन
जमीन	उछालने	परेशान	कोहरा	दौड़कर

गतिविधि 5. नीचे दिए गयी वर्ण पहेली में खेलों के नाम छुपे हुए हैउन्हें खोजों लिखों।

फु	ट	बा	ल	ब	--
खो	खो	क्रि	के	ट	--
क	ब्ब	डी	लू	डो	--
हा	की	टै	नि	स	--
बै	ड	मि	ट	न	--

गतिविधि 6. नीचे दिए गये चित्रों में कम से कम 5 अंतर खोजें और लिखें।



गतिविधि 7. नीचे दिए गए मजेदार वाक्यों को पढ़कर बच्चे को सुनाएँ और जल्दी–जल्दी बोलने को कहें। आप भी बोलकर सुनाएँ। दी गयी पहेलियों को पढ़कर सुनाएँ और पहेलियों का जबाब बच्चे को सोचकर बताने को कहें।

मजेदार वाक्य- कुछ ऊँचा-ऊँचा, कुछ पूछ ऊँची, कुछ ऊंची पूछ शेर की,पेड़ ऊँचा-ऊँचा पेड़, कहानी ऊँचे पेड़ की।	पहेलियाँ 1-ऐसी कौन सी चीज है जिसके पंख नहीं होते है फिर भी उड़ती है। 2–ऐसी कौन सी सब्जी है जिसमें ताला और चाबी दोनों आते है। उत्तर- 1 पतंग 2-लॉकी

गतिविधी 8. नीचे दी गयी कहानी को ध्यान से पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखों।

सर्दियों का मौसम था, सुबह का वक्त, चारों और कोहरा ही कोहरा। एक शेर का बच्चा सिमटकर गोल–मटोल बना जामुन के पेड़ के नीचे सोया हुआ था। इधर भालू साहब सैर पर निकल आया था, लेकिन पछता रहे थे। तभी उनकी नजर जामुन के पेड़ के नीचे पड़ी। आँखे फैलाई अक्ल दौड़ाई– अहा फुटबाल सोचा, जरा फुटबाल खेलकर गर्मी हासिल की जाय।

प्रश्न–१ शेर का बच्चा सिमटकर क्यों सोया होगा?
उ० ——————————————————————————————
प्रश्न–२ भालू क्यों पछता रहा था?
उ० ——————————————————————————————
प्रश्न–१ सर्दी से बचने के लिए आप क्या–क्या करते है?
उ० ——————————————————————————————

गतिविधी 9. सही उत्तर लिखों।

क– सर्दियों का—————————— था । (मौसम /समय)
ख– सुबह के वक्त चारों ओर——————————था। (मोहरा /कोहरा)
ग– फुटबाल———————— खेली। (हाथी/भालू)

गतिविधी 10. भालू के चित्र को बिन्दुओं को मिलाकर पूरा करो और रंग भरो।